हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 9 जनवरी 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 मुक्तिधाम बदहाल, अंतिम संस्कार में परेशानी



## खबर संक्षेप

### 24 घंटे के भीतर न्यूनतम पारा में आंशिक वृद्धि, तापमान 3.3 डिग्री रिकॉर्ड

**अम्बिकापुर।** पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं की रफ्तार में कमी आने के बावजूद गुरूवार को न्यूनतम तापमान में खास बदलाव नहीं है। मौसम कार्यालय द्वारा 0.2 डिग्री की वृद्धि के साथ न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में पछुआ विक्षोभ पंजाब के ऊपर सक्रिय है। अच्छी धूप निकलने के कारण दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी शुक्रवार से तापमान में क्रमशः वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### ग्रामीण की जमीन पर कब्जा घर में घुसकर मारपीट

**राजपुर।** स्वयं के स्वामित्व की भूमि को जबरन कब्जा करने तथा आवेदक को जातिगत गाली गलौज, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के को लेकर ग्रामीण ने थाने में शिकायत की है। ग्राम कर्रा का निवासी 60 वर्षीय जोखन आ. बैजनाथ ने बताया कि उसके स्वयं के स्वामित्व की भूमि ग्राम कर्रा में स्थित है। उक्त भूमि को पप्पू सिंह द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीण का आरोप है कि विरोध करने पर 7 जनवरी को घर में घुसकर पप्पू सिंह ने जोखन के साथ गाली गलौज और मारपीट की। इस घटना में बुजुर्ग को गंभीर चोट आई है। ग्रामीण का कहना है कि उक्त जमीन पर पप्पू सिंह जबरन कब्जा कर रहा है जबकि न्यायालय तहसीलदार राजपुर से पप्पू सिंह यादव को बेजा कब्जा हटाने हेतु नोटिस भी जारी किया गया है। ग्रामीण ने इस मामले में जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मैनपाट क्षेत्र में सामने आया मामला

# पहले छात्राओं को बांटी गुणवत्ताहीन साइकिल अब मंगवा रहे वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरस्वती साइकिल योजना के तहत किए गए साइकिल वितरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। बच्चियों को गुन्वात्ताहीन साइकिल बांट दी गई और अब बांटी हुई साइकिल को फिर से जमा कराया जा रहा है।

**खास बात**
- फिर से देंगे अच्छी गुणवत्ता की साइकिल

इस संबंध में स्कूलों के प्राचार्य छात्राओं को लगातार फोनकर अपनी साइकिल जमा करने के निर्देश दे रहे है लेकिन इस प्रक्रिया ने साइकिल वितरण योजना को लेकर सवाल खड़े कर दिए है।

बता दें कि प्रदेश सरकार दवरा सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल का वितरण प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष भी शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद से ही छात्राओं को साईकिल वितरण का कार्य किया जा रहा है और जिले के सीतापुर विधानसभा में भी साइकिल विधायक के साथ ही अन्य अतिथियों की मौजूदगी में बांटी गई लेकिन अब इन बांटी गई साइकिल को वापस मंगवाने का आदेश बीईओ मैनपाट की ओर से जारी किया गया है। मैनपाट ने स्कूल के प्राचार्यों को इस बात का हवाला देकर साइकिल वापस मंगवाने का निर्देश दिया है कि विधायक द्वारा छात्राओं के लिए फिर से बेहतर गुणवत्ता की साइकिल मंगवाई गई है और इन साइकिलों को बंदना में तैयार किया जा रहा है। तैयार की गई साइकिल को फिर से स्कूल में पहुंचा दिया जाएगा लेकिन इसके पहले पूर्व में बांटी गई सभी साइकिल को जमा करना होगा। यही वजह है कि स्कूलों के प्राचार्य बच्चों के अभिभावकों को अपील कर रहे है कि वे अपनी साइकिल वापस जमा कराए। निश्चित समय में साइकिल जमा नहीं कराने पर इसकी जिम्मेदारी अभिभावकों की होगी। ऐसे में बड़ी संख्या में अभिभावक भी अपनी साइकिल को जमा करा रहे है और स्कूल प्रबंधन फिर से साइकिलों को ट्रक में भरकर वापस बीईओ के बताए गए स्थान पर भेज रहा है। वतमान में मैनपाट के नर्मदापुर से 84, कमलेश्वरपुर से 72 में से 34 साइकिल जमा की जा चुकी है।


ट्रेक्टर पर लोड गुणवत्ताहीन सायकल।

### गुवात्ता पर उठे सवाल

एक बार साइकिल बांटने के बाद फिर से वापस मंगवाने को लेकर अब साइकिल की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। वैसे तो योजना के तहत बांटी गई साइकिल का उपयोग छात्राएं नहीं के बराबर ही करती है लेकिन इस बार जो साइकिल बांटी गई उसकी गुणवत्ता और भी खराब है। स्कूल आने के दौरान साइकिल के सीट निकल जा रहे, ताला टूटकर गिर रहा है, चैन टूट जा रही है। इसके साथ ही रिम व साइकिल के अन्य पुर्जे भी बेहद कमजोर है। इसी बात की शिकायत के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो ने फिर से सभी साइकिल को वापस मंगाने के निर्देश दिए थे और बच्चियों को नई साइकिल बांटी जानी है। बड़ा साल यही है कि आखिर ठेकेदार ने इतनी खराब गुणवत्ता की साइकिल क्यों सप्लाई की, वितरण से पहले विभाग के अधिकारियों ने इसके गुणवत्ता की जांच क्यों नहीं की। बीईओ के इस आदेश के बाद प्राचार्यों पर भी अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है क्यों कि पूर्व में भी उन्होंने अपने खर्चे पर साइकिल को स्कूल तक मंगवाकर बंटवाया था और अब जमा भी अपने खर्चे पर करना पड़ रहा है।

### रोका गया है भुगतान

विधायक द्वारा बच्चियों के लिए नई और गुणवत्तापूर्ण साइकिल मंगवाई गई है जिसका वितरण किया जाना है। इसलिए साइकिल वापस मंगाने का आदेश बीईओ की ओर से दिया गया है। हमने ही सप्लायर का भुगतान रोका है और सही गुणवत्ता के साइकिल का वितरण होने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।

-**दिनेश झा**, डीईओ

### नशीले इंजेक्शन के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**अम्बिकापुर।** तकिया फिल्टर प्लांट के समीप नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे दो युवकों को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने युवकों के पास से 63 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया है। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को बुधवार की शाम मुखबिर से सूचना मिला कि तकिया फिल्टर प्लांट के समीप दो युवक नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंची तो दो संदिग्ध लड़कों को हड़बड़ाते देख रोक कर पूछताछ की। एक ने अपना नाम संतोष यादव निवासी तकिया तथा दूसरे ने अपना नाम ब्रजेश बरवा निवासी सन्ना बताया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने युवकों के पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग से कुल 63 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त कर युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आज दोनों युवकों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।






## खबर संक्षेप

### हाथियों का दल क्षेत्र में कर रहा विचरण

**मनेन्द्रगढ़।** हाथियों का एक दल वन मंडल कोरिया के वन परिक्षेत्र देवगढ़ अंतर्गत हर्राडीह क्षेत्र तथा वन मंडल मनेन्द्रगढ़ के परिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत चपलीपानी परिसर के कक्ष क्रमांक 859 के आसपास विचरण करता पाया गया है। वन विभाग के अनुसार इस दल में 10 से 14 हाथी शामिल हैं। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए आसपास के ग्रामों में मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है। वन अमले द्वारा क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में किसी प्रकार की फसल, पशु, मकान अथवा जनहानि नहीं हुई है। हाथियों के आगे बढ़ने की संभावित दिशा में कांटो, झमाडांड, बैरागी, बसखोहार, मनियारी, शिवपुर, नवाडीह, हर्राडीह एवं निगनोहार गांव शामिल बताए गए हैं।

### कोरिया कालरी और जरौंधा में खुलेंगे नए पीएचसी

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर मनेन्द्रगढ़ की जनता के स्वास्थ्य हितों का ध्यान रखते हुए बड़ा निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट के प्रावधान अनुसार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की घोषणा की गई थी। घोषणा के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी करते हुए नगर निगम चिरमिरी के कोरिया कॉलरी और खड़गवां जनपद के ग्राम पंचायत जरौंधा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के लिए पदो की स्वीकृति दे दी है। आदेश के अनुसार प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र के 1 चिकित्सा अधिकारी, 1 ग्रामीण चिकित्सा सहायक, 1 फार्मासिस्ट ग्रेड 2, 1 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 3 स्टाफ नर्स, 1 लैब टेक्निशियन, 1 सहायक ग्रेड 3, 1 वार्ड बॉय और 2 आया का पद शामिल है। मनेन्द्रगढ़ विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

### मुंगेली साहित्य मंच के समारोह में बीरेन्द्र सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** कविता चौराहे पर साहित्य मंच मुंगेली का 21 वां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह मनेन्द्रगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार बीरेन्द्र श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एवं बिलासपुर के साहित्यकार विजय कुमार तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। छग के बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर दुर्ग से आए साहित्यकारों एवं स्थानीय नागरिकों के बीच प्रथम सत्र कार्यक्रम में वीर बलिदान सम्मान नक्सल उन्मूलन में शहीद स्व. राजकमल कश्यप के माता-पिता को एवं आजीवन साहित्य सेवा सम्मान साहित्यकार बुधराम यादव को प्रदान किया गया। इसी प्रकार द्वितीय सत्र में बीरेन्द्र श्रीवास्तव एवं विजय तिवारी को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर संस्था संयोजक राकेश गुप्त द्वारा सम्मानित किया गया।

नाले के दूषित पानी से स्वास्थ्य खराब होने का खतरा

# मुक्तिधाम बदहाल, अंतिम संस्कार में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी


नाले का दूषित पानी।

जिले के कोयलांचल क्षेत्र के नगर पालिका शिवपुर-चरचा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 स्थित मुक्ति धाम इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। यहां बने घाट में नाले का गंदा और दूषित पानी सीधे पहुंच रहा है, जिससे घाट का पानी शुद्धिकरण योग्य भी नहीं रह गया है।

इस कारण अंतिम संस्कार जैसे पवित्र संस्कारों के संपादन में भारी परेशानियां सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मुक्तिधाम से होकर बहने वाला यह पानी नाले से जुड़ा हुआ है, जिसमें गंदगी, कचरा और दुर्गंध युक्त पानी लगातार मिल रहा है। घाट परिसर में बदबू फैल रही है, वहीं पानी का रंग भी काला पड़ चुका है। हालात इतने खराब हैं कि धार्मिक विधि-विधान के अनुसार अंतिम क्रिया करना भी लोगों के लिए मानसिक पीड़ा का कारण बन गया है। नाले के गंदे पानी के कारण यहां श्रद्धालुओं और परिजन में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इस स्थिति से उनकी आस्था को ठेस पहुंच रही है और प्रशासन की उदासीनता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गंदे पानी के कारण संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। अंतिम संस्कार के दौरान वहां मौजूद लोगों को दुर्गंध और प्रदूषण के बीच रहना पड़ता है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय है। वहीं स्थानीय नागरिक एक स्वर में मांग की कि नाले के पानी को तत्काल घाट से अलग किया जाए, घाट की संपूर्ण सफाई व गाद निकासी कराई जाए, पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने स्थायी व्यवस्था बनाई जाए, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। नाले का स्थायी डायवर्जन प्लान, मुक्तिधाम परिसर का सौंदर्यीकरण व नियमित सफाई, गंदगी फैलाने वालों पर नगर पालिका की सख्त कार्रवाई किया जाए। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका शिवपुर-चरचा और जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर कितनी शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई करता है।

# संदिग्ध अवस्था में मिला मजदूर का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



एमसीबी जिले के पोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक का शव गुरूवार को कौड़िया नाला के किनारे से बरामद किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक वार्ड क्रमांक 1 मौहरीपारा का निवासी था और स्थानीय इंट भट्टे में मजदूरी करता था। परिजन ने बताया कि वह 7 जनवरी की दोपहर से घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 8 जनवरी की सुबह उसका शव नाले के पास मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पोड़ी थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### परिवारिक विवाद में हत्या, आरोपी हिरासत में

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोततवाली क्षेत्र में पारिवारिक विवाद को लेकर एक आरोपी ने अपनी बड़ी मां को फावड़ा मारकर निर्मम हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी स्वयं सिटी कोतवाली बैकुंठपुर आकर पुलिस के पास आत्मसर्मपण कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थानांतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी आरोपी सुखनंदन का पारिवारिक विवाद के कारण अपनी बड़ी माँ से नाराजगी रहता था, इसे लेकर घटना दिवस को आरोपी सुखनंदन का अपनी बड़ी माँ शांति बाई उम्र 65 वर्ष से विवाद हुआ और विवाद के फलस्वरूप आवेश में आकर आरोपी सुखनंदन ने अपनी बड़ी माँ पर फावड़ा से वार कर लहुलुहान कर दिया। इस घटना से उसकी बड़ी माँ शांति बाई मौके पर ही दम तोड़ दी। इधर घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी स्वयं सिटी कोतवाली पहुंच कर पुलिस के सामने आत्मसर्मपण कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

# जिपं सीईओ ने किया जपं का निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत कार्यालय में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम ने अचानक औचक निरीक्षण कर दिया। बिना पूर्व सूचना हुए इस निरीक्षण से कार्यालय की कार्यप्रणाली की पोल खुल गई।

■ दो कर्मचारी नदारद



सीईओ ने कर्मचारियों की उपस्थिति, फाइलों की स्थिति, लंबित प्रकरणों और आम जनता से जुड़े कार्यों की प्रगति की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि दो कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर कार्यालय में मौजूद नहीं थे। इस पर सीईओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि शासकीय दायित्वों में लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। समय पर कार्यालय न आना और काम में ढिलाई शासन की छवि को नुकसान पहुंचाती है। सीईओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि जनपद पंचायत आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ कार्यालय है। यहां आने वाले ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं। कर्मचारियों की गैरहाजिरी या उदासीन रवैया आम जनता को परेशान करता है। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

# शीतलहर से कंपकंपाए लोग, जनजीवन प्रभावित

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। उत्तर भारत से आ रही शीतलहर के असर से जिले का तापमान लगातार गिरता जा रहा है। सुबह और रात के समय ठंड का असर सबसे अधिक देखा जा रहा है, जिससे लोग घरों में दुबकने को विवश हैं।



ठंडी हवाओं और घने कोहरे के कारण दृश्यता भी कम हो रही है, जिससे आवागमन में परेशानियां बढ़ गई हैं। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में भी ठंड का प्रकोप साफ नजर आ रहा है। अलसुबह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। जरूरी काम से निकलने वाले लोग गर्म कपड़ों, टोपी, मफलर और दस्तानों में लिपटे नजर आ रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी गरीब, बेसहारा और खुले में रहने वाले लोगों को हो रही है।

### शीतलहर से आमजन रहे एलर्ट

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे ने शीतलहर से बचाव के लिए सिविल सर्जन जिला अस्पताल एमसीबी, 200 बिस्तरीय अस्पताल मनेन्द्रगढ़ एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को निर्देशित किया गया है कि ठंड से पीड़ित व्यक्ति के उपचार के लिए पृथक से बेड आरक्षित रखे, उसके उपचार के लिए मशीन उपकरण आदि की व्यवस्था कर ली जानी चाहिए। ठंड में उच्च जोखिम समूह जैसे बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांगजन की देखभाल विशेष रूप से की जानी चाहिए,मैदानी कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माह दिसंबर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्रायः देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5-7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाता है।

# डोमनहिल में एनआरआई ने समाजों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



क्षेत्र स्थित सुभाष चंद्र बोस क्लब में क्षेत्र के विभिन्न समाजों द्वारा एनआरआई समाजसेवी चंद्रकांत पटेल का उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों के लिए उन्हें एक महत्वपूर्ण सामाजिक व्यक्तित्व के रूप में सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुस्लिम समाज की ओर से माइकल अली ने श्री पटेल के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि विगत 39 वर्षों से अमेरिका में निवास करने के बावजूद वे प्रतिवर्ष अपनी जन्मभूमि आकर स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने तथा लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने बताया कि श्री पटेल द्वारा शिक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास एवं सामुदायिक कल्याण के लिए धन व संसाधनों का दान किया जाता रहा है, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। पहले मुस्लिम समाज की बालिकाओं में शिक्षा के प्रति रुचि कम थी, लेकिन क्षेत्र में नर्सिंग एवं अन्य कॉलेजों की स्थापना के बाद अब मुस्लिम समाज की बच्चियां भी अन्य समाजों की छात्राओं के साथ शिक्षा ग्रहण कर देश-विदेश के प्रतिष्ठित अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे रही हैं, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सिख समाज की ओर से मनजीत सिंह ने कहा कि विदेश जाने से पूर्व श्री पटेल एक अधिवक्ता एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाते थे। वे प्रारंभ से ही जुझारू प्रवृत्ति के रहे हैं और समाज सेवा के प्रति सदैव संकल्पित रहे।

### मनेन्द्रगढ़ में चला संयुक्त चेकिंग और समझाइश अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह के तहत एमसीबी पुलिस एवं आरटीओ विभाग द्वारा संयुक्त पहल की गई। यह अभियान पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस और आरटीओ स्टाफ ने बस स्टैंड एवं खेड़िया तिराहा क्षेत्र में संयुक्त रूप से बस, ऑटो एवं टैक्सी वाहनों की जांच की। इस दौरान कुल 12 बस, 18 ऑटो एवं 2 टैक्सी चालकों से मौके पर ही वाहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण पाए गए उन्हें आगे भी सभी कागजात दुरूस्त रखकर वाहन चलाने की समझाइश दी गई,वहीं जिन चालकों के दस्तावेज अपूर्ण थे, उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समय रहते कागजात पूर्ण करने की चेतावनी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त टीम द्वारा उपस्थित बस, ऑटो एवं टैक्सी चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया।

# छात्रों को मिला सफलता का मंत्र, विद्यार्थियों से संवाद

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में मिशन हंड्रेड के अंतर्गत दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दिलाने के उद्देश्य से विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत करना, लक्ष्य के प्रति केन्द्रित करना और शत-प्रतिशत सफलता के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में जिले के जिला शिक्षा अधिकारी वीके राय, सलका डाइट प्राचार्य विनय मोहन भट्ट, ब्रिज राज गिरी, सहित जिले के पदाधिकारी, विद्यालय प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे। जिला भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वीके राय जब हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, कक्षाओं की स्थिति और विद्यार्थियों की पढ़ाई की प्रगति की जानकारी ली, इसके बाद उन्होंने कक्षा 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के सुझाव दिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री राय ने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि मिशन हंड्रेड के तहत जिले का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक विद्यार्थी उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करें और अपने विद्यालय, परिवार तथा जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे प्रतिदिन नियमित अध्ययन की समय-सारिणी बनाएं, कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दें, शिक्षकों से संकोच छोड़कर प्रश्न पूछें, मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस करें तनावमुक्त होकर परीक्षा दें। श्री राय ने कहा कि परीक्षा को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से ही बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं, बल्कि उन्हें सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करें। डाइट प्राचार्य विनय मोहन भट्ट ने उत्तर लेखन की सही विधि, समय प्रबंधन और प्रश्न पत्र को समझकर हल करने की रणनीति पर प्रकाश डाला।

### सुदूर वनांचल इलाकों का अध्यक्ष ने किया दौरा

**वेस्ट चिरमिरी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला एमसीबी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष माबूद अली के द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा अपना पहला जनसंपर्क दौरा जिले के सुदूर क्षेत्र केल्हारी और जनकपुर का किया गया। अपने जनसंपर्क दौर में वे भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मिल उनसे संगठन के संबंध में जानकारी लेकर उन्हें संगठन को ज्यादा से ज्यादा मजबूत बनाने प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक मंडल व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा से जोड़ने भरसक प्रयास करें। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान जगह-जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री माबूद ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि वे इसी तरह पूरे जिले का दौरा कर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और पार्टी कार्यों के लिए सतत प्रयत्नसील रहेंगे।

### आदिवासी परिवारों की बंजर वनाधिकार भूमि पर लहलहाई फसल

**बैकुण्ठपुर।** वर्षों से वनभूमि पर कठिन जीवन यापन कर रहे परंपरागत आदिवासी किसानों के लिए अब उनकी ही भूमि आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम बन गई है। वनाधिकार पत्रक के अंतर्गत प्राप्त बंजर एवं असमतल भूमि को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के सहयोग से उपजाऊ खेतों में परिवर्तित किया गया है। कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत सोनहत की ग्राम पंचायत नटवाही एवं इसके आश्रित गांव चुलादर एवं कुर्थी में कुल 17 वनवासी परिवारों को दो वर्ष पूर्व शासन की वनाधिकार पत्रक योजना के तहत भूमि का पट्टा प्रदान किया गया था, परंतु भूमि असमतल एवं पथरीली होने के कारण खेती योग्य नहीं थी, जिससे किसानों को कोई विशेष आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा था। वनाधिकार भूमि को उपयोगी बनाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा भूमि समतलीकरण एवं मेड़ बंधान कार्य को ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना में शामिल किया गया।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं कमलेश्वर राम आत्मज अमर साय उम्र लगभग 38 वर्ष, जाति उरांव निवासी-ग्राम भूसू थाना एवं तहसील सीतापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र देवचंद्र कुजूर का सही जन्म तिथि दिनांक 01/01/2012 (एक जनवरी सन् दो हजार बारह) है जो उसके जन्म प्रमाण-पत्र में दर्ज है। मेरे पुत्र का नाम देवचंद है जबकि मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम देवचंद्र कुजूर दर्ज कराना चाहता हूं। मेरे पुत्र का नाम परिवर्तन कर राजपत्र में मेरे पुत्र का नाम देवचंद्र कुजूर दर्ज किया जावे।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
कमलेश्वर राम
आ. अमर साय
निवासी-ग्राम भूसू थाना एवं तहसील सीतापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलम अग्रवाल पत्नी जयभगवान अग्रवाल निवासी जवाहर नगर अम्बेडकर चौक के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 311/5 रकबा 0.023 हे. भूमि को अनावेदक सचिन अग्रवाल आ. एस.एस. अग्रवाल निवासी श्यामसुंदर एण्ड सन्स सदर रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राषि रूपये 18,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 21.01.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाकः- 06/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा MD,DM (Neurology)
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल MBBS,MD Medicine (Delhi) DM (Gestro)BHU Varanashi
सुप्रसिद्ध दर्द एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज MBBS,MD,FIPM(Fellowship in pain Management) Interventional Pain Physician
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार ए.वी. MBBS,MD (General Medicine) DM (Nephrology)
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता MD,Hematologist & BMT Physician
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने,जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur),CNETS AIIMS (Delhi)
11 जनवरी 2026, माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी,उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
• गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
• बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
• मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
• मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
• स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
• बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

## खबर संक्षेप



### कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने किया को पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण

**बिश्रामपुर।** छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने,झिझक दूर करने तथा पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराने के उद्देश्य से बिश्रामपुर कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने गुरुवार को बिश्रामपुर थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान कन्या हाई स्कूल की दो दर्जन से अधिक छात्राएं शिक्षकों के साथ थाना परिसर पहुंचीं,थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रकाश राठौर एवं एएसआई अविनाश सिंह ने छात्राओं को पुलिस के कार्य,अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया एवं बेसिक पुलिसिंग की विस्तृत जानकारी दी,छात्राओं ने विवेचक कक्ष,मालखाना, हवालात,शस्त्रागार सहित पूरे थाना परिसर का अवलोकन किया,जहां पुलिस कर्मियों ने प्रत्येक व्यवस्था की जानकारी सरल भाषा में समझाई गई। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं,जिनका संतोषजनक उत्तर उपस्थित पुलिस कर्मियों द्वारा दिया गया, वहीं वालेंटियर कांति सिंह ने छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी,साथ ही शासन स्तर पर संचालित जागृति अभियान,डॉन अभियान,बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए गुड टच–बैड टच विषय पर भी जागरूक किया गया,पुलिस द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों,साइबर ठगी से बचाव,अनजान कॉल रिसीव न करने,बिना कारण किसी लिंक को न खोलने तथा डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की समझाइश भी दी गई,इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिकाएं व्याख्याता श्रीमती रेखा लाल,शोभना रंजीत, प्रीति टोप्पो सहित प्रधान आरक्षक जोशी टोप्पो, निर्मल सिंह,दरश देवांगन,अखिलेश्वर पांडेय,योगेश एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा,भ्रमण के अंत में पुलिस कर्मियों एवं छात्राओं ने यादगार पलों के लिए सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

### विजन समाज सेवी संस्था द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** विजन समाज सेवी संस्था द्वारा लगातार शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, प्रशिक्षण केंद्रों, एवं छात्रावास में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं विधिक अधिकारों की जागृति हेतु जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विगत दिनों रजपुरी कला बालिका कस्तूरबा आवासीय विद्यालय एवं दशमेश पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष दास ने कहा कि युवाओं और बच्चों की लगातार हो रही आत्महत्याओं की अनदेखी ने अभिभावकों को एक अंधे डर और चिंता में धकेल दिया है। समाजसेविका एवं अधिवक्ता शिल्पा पाण्डेय कहा कि अभी तक दो महीनों में सरगुजा में पंद्रह से अधिक कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम किए जा चुके हैं जिसमें लगभग बीस हजार विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। बालिकाएं छोटी-छोटी पन्नों में अपनी समस्या बता रही हैं ताकि उनका नाम गोपनीय रखा जा सके। महिला थाना प्रभारी सुनीता भारद्वाज ने पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति, मोबाइल के दुरुपयोग एवं साइबर अपराध के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्रावास अधीक्षक अनुराधा सिंह द्वारा छात्रावास में होने वाले मानसिक संवर्धन गतिविधियों से सभी को अवगत कराया।

### सरिया पुलिस ने की 7 किलो 250 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** सरिया पुलिस ने मोटरसाइकिल से गांजा परिवहन करते हुए 7 किलो 250 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 70 हजार बताई गई है। थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में सरिया पुलिस टीम को यह सफलता मिली। 7 जनवरी को पेट्रोलिंग के दौरान एक काले-नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल सीजी 11 बीजी 4857 से ओड़िशा से गांजा लेकर सरिया की ओर आने की सूचना मिली थी। सरिया थाना के सामने मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम रमा कुमार खांडे 34 एवं अजय कुमार दिवाकर 28 दोनों निवासी सोनबरसा, थाना बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा बताए। तलाशी के दौरान पीछे बैठे आरोपी के काले रंग के बैग से 7 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे जिला बरगढ़ उड़ीसा से गांजा लाकर जिला जांजगीर-चांपा में बिक्री हेतु ले जा रहे थे।

## निधन



### तरसेमलाल शर्मा

**बिश्रामपुर।** शिवनन्दनपुर मुख्य बाजार निवासी गुरुवचन आयरन वर्क्स के संचालक तरसेम लाल शर्मा का 79 वर्ष की आयु में गुरुवार को अंबिकापुर स्थित निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की प्रातः स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. तरसेम लाल शर्मा लखबीर शर्मा, मदन शर्मा (गोपी) एवं हरप्रीत शर्मा (हैरी) के पिताश्री थे।

## एनएच पर नहीं थम रही सड़क दुर्घटना

# ट्रक की चपेट में आने से गई युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एनएच पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। नवम्बर माह से अब तक कभी एनएच 43 पर तो कभी एनएच 130 पर सड़क दुर्घटनाएं होती रही और पिछले दो माह के भीतर ही एनएच पर सड़क दुर्घटना होने से एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। बीती रात भी एनएच 43 लाल माटी चेन्द्रा के समीप मिनी ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई जबकि एक दिन पूर्व ही 130 पर पैदल जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल ग्रामीण की मौत हो गई थी।

**खास बात**
- दो माह के भीतर हुई आधा दर्जन अधिक लोगों की मौत

एनएच 43 चेन्द्रा लाल माटी के समीप बीती रात लगभग 8 बजे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम दोरना निवासी संतोष नगेसिया आ. घूरन नगेसिया (37 वर्ष) बुधवार को बाइक से शहर के गंगापुर निवासी परिचित के यहां दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही एनएच 43 चेन्द्रा लालमाटी के समीप पहुंचा तभी मिनी ट्रक से टक्कर हो जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में युवक मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपात कालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### दो माह के भीतर ही एक दर्जन अधिक लोगों की मौत

एनएच 43 पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। लुचकी घाट से लेकर कुनकुरी के बीच अब तक कई सड़क हादसा हो चुके है जिसमें कई लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी है। इसी तरह एनएच 130 पर हालही में कई सड़क दुर्घटना हुई जिसमें वाहन सवार के साथ पैदल जा रहे लोगों की दुर्घटना से मौत हो चुकी है।



घटना स्थल पर घायल बाइक सवार।

### स्ट्रीट लाइट बना शो पीस

एनएच पर रात के समय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इस लेकर सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई है। हैरानी की बात तो यह है कि विद्युत पोल व लाइट लगाए कई माह हो चुके है परंतु आज तक लाइट से सड़क रोशन नहीं हो सकी। एनएच पर हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती। एनएच 43 पर रघुनाथपुर से लेकर कुनकुरी तक सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है लेकिन आज तक लाइट से एनएच रौशन नहीं हो सकी। इस प्रकार की स्थिति एनएच 130 की भी है जहां डांडगांव सहित अन्य जगह पर एनएच किनारे विद्युत पोल व लाइट लगाए गए है लेकिन लाइट चालू नहीं होने से शाम ढलते ही एनएच अंधेरा में डूब जाता है। ऐसे में अंधेरा होने के कारण अधिकांश सड़क हादसे होते है।

### गिरने से गंभीर ग्रामीण की उपचार दौरान मौत

घर के आंगन में गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम भगवानपुर निवासी शिवनाथ एक्का (60 वर्ष) 5 जनवरी को रिश्तेदार ग्राम देवनगर निवासी के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने आया था। दूसरे दिन सुबह घर जाने की तैयारी कर रहा था तभी आंगन में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने की अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की गई।

छेरता के दिन कीटनाशक पीने की अलग अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत घोड़ापारा निवासी रतनपुरहीन पति पलस राम (51 वर्ष) 3 जनवरी छेरता के दिन त्यौहार के उपलक्ष्य में पति पत्नी दोनों शराब पीए और रात में भोजन कर सो गए। इसी बीच देर रात महिला उठी और अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। सुबह घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पवनपुर बिझियापारा निवासी हीरा धन सोरी आ. अमर साय (32 वर्ष) छेरता के दिन घर में शराब पी रहा था जबकि पत्नी देवमती बकरी चराने गई थी। शाम को पत्नी वापस लौटी तो देखी पति उल्टी कर रहा है और कीटनाशक का गंध आने पर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पॉकिटमार हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा के तमाम व्यवस्था किए जाने के बावजूद अस्पताल में चोरी व पॉकेटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रात के समय जहां अस्पताल में चोर महंगे सामान व मोबाइल के फिराक में सक्रिय रहते है वहीं दिन के समय भीड़ का फायदा उठाते हुए पॉकेटमार सक्रिय हो जाते है। आज सुबह भी ओपीडी में आभा एप से पर्ची के लिए टोकन कटवाने दौरान ही मरीज लेकर आए एक परिजन के जेब से चोरों ने पांच हजार रुपए पार कर दिए। पीड़ित ने घटना की शिकायत अस्पताल पुलिसकर्मियों से की है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने के साथ जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- एक और मरीज के परिजन बन शिकार, जांच में जुटी पुलिस

जानकारी के अनुसार मैनपाट निवासी सर्वेश्वर यादव आज सुबह रिश्तेदार बुजूर्ग दिलराम को जांच व उपचार कराने के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आया था। चिकित्सकों को मरीज को दिखा सके इसके लिए ओपीडी में आभा एप के माध्यम से पर्ची के लिए टोकन कटवा रहा था। सुबह मरीजों के परिजन की काफी भीड़ थी। इसी बीच चोरों ने सर्वेश्वर यादव के जेब में रखे नगद 5 हजार रुपए को निकाल कर पार कर दिया। पॉकेटमारी की जानकारी उस समय लगी जब वह जेब में रखे रुपए को निकालने लगा तो पता चला की रबर से बांधे रुपए गायब थे। पॉकिटमार का शिकार हुए सर्वेश्वर ने तत्काल घटना की शिकायत अस्पताल पुलिस कर्मियों से की व बताया कि उसके जेब में रखे नगद 5 हजार रुपए चोरी हो गए है। शिकायत पर पुलिस ने जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा वार्ड के गलियारों में सीसी टीव्ही कैमरा लगाए गए है और किसी प्रकार की आपराधिक घटना के अलावा रात में चोरी व दिन में पॉकेटमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था होने के बावजूद चोर इस कदर शातिर है कि पुलिस व सुरक्षा कर्मियों के आंख में धूल झोंक बड़ी आसानी से महंगे मोबाइल व सामानों की रैकी कर मौका देख पार कर देते है खास कर मोबाइल। अस्पताल से मरीज व परिजन के कई दर्जन मोबाइल वार्ड से पार हो चुकी है लेकिन आज तक चोरी करने वाले एक भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सका है।




## धर्म, संस्कृति को बचाए रखने के लिए माता राजमोहिनी के मार्ग पर चलना होगा : कौशल्या देवी

**प्रतापपुर।** पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जनजाति गौरव समाज प्रदेश महामंत्री राम लखन सिंह पैकरा के आतिथ्य में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में श्रीमती साय ने कहा कि जनजाति रीति-रिवाज, परंपरा, धर्म व संस्कृति को बचाए रखने एवं सामाजिक बुराइयों को लेकर माताजी ने जो आंदोलन शुरू किया उसे पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने सभी को मिलकर हिंदू समाज को मजबूत और संगठित करने का आह्वान किया और कहा कि विदेशी धर्म संस्कृति से बचना अत्यंत आवश्यक है। लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन करने का जो षड्यंत्र चल रहा है उससे पूरे समाज को सावधान रहना है। अकाल के समय माताजी ने पूरे समाज में समरसता का संदेश दिया। आज सरकार और समाज आपके साथ है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि कोई बाहरी व्यक्ति लालच देकर धर्म परिवर्तन कराता है तो हम सबकी जिम्मेदारी है कि समाज को बचाने के लिए लोग आगे आयें। क्षेत्रीय विधायक शकुंतला पोर्ते ने कहा कि माता राजमोहिनी देवी के बताए मार्ग पर चलते हुए सभी लोगों को साथ जोड़कर अपने संगठन की ताकत बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह का आयोजन करते रहना चाहिए। आश्रम की संरक्षिका श्रीमती राम बाई ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम, हंसराज सिंह मरकाम, दिनेश सिंह, रघुवीर भगत, श्रीमती शशिकला भगत, श्रीमती मनीषा पैकरा, बसंत बावली, पूरन सिंह मरकाम, राम अमरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

## राज्य दिव्यांगजन विकास निगम के अध्यक्ष व डायरेक्टर ने ज्ञानोदय मूकबधिर विद्यालय का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया का आगमन ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय में हुआ,उनके साथ हरेन्द्र पटेल डायरेक्टर दिव्यांगजन वित्त विकास निगम भी उपस्थित रहे,उनकी अगवानी संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने की, लोकेश कावड़िया को सर्वप्रथम विद्यालय का अवलोकन कराया गया।

- कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किये दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई हस्तशिल्प सामग्री की हुई प्रशंसा

कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किए विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय परिसर में अपने अतिरिक्त पीरियड में हस्तशिल्प सामग्री का निर्माण किया जा रहा है। लोकेश कावड़िया को विद्यालय के बच्चों के द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामाग्री की प्रदर्शनी का



अवलोकन कर उनके सामाग्रियों की प्रशंसा की,छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय के बच्चे दिव्यांगजन कौशल विकास शिविर बीकानेर एवं रायपुर में भाग लेकर स्किल्ड हो रहे हैं और आत्मनिर्भर होने की स्थिति में आ रहे हैं,दिव्यांगजन कौशल विकास शिविरों के आयोजन के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है, जिसके अच्छे परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे है, लोकेश कावड़िया ने दिव्यांगजनों के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि जो भी दिव्यांग व्यक्ति स्वरोजगार के लिए ऋण लेना चाहते हैं,वे आवेदन कर सकते हैं,उन्हें 50 लाख रुपए तक का ऋण स्वीकृत किया जा सकता है,अगर उस कार्य के लिए वे प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है तो उन्हे प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा,संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने विद्यालय की स्थापना भावी एवं संचालित गतिविधियों से लोकेश कावड़िया जी को अवगत कराया,उन्होंने बताया कि बीकानेर राजस्थान एवं रायपुर से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय के बच्चे सिलाई, कढ़ाई, नेल आर्ट, गजरा मेकिंग, लिप्पन आर्ट, वॉल पुट्टी आर्ट, हर्बल लिप बाम, साबुन, पेन बाम, एलोवेरा बेस साबुन, कैंडल मेकिंग जैसी विधाओं का उपयोग कर आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के तहत स्वरोजगार हेतु इच्छुक विद्यालय के 12 वीं पास विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को एक सेमिनार में बुलाकर योजनाओं से अवगत कराने और उसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के अलावा सिद्धार्थ तिवारी,तुलेश्वर प्रताप सिंह जायसवाल,रक्षा अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल व अन्य उपस्थित थे।

## विधायक उद्धेश्वरी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, एसआईआर पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के मुख्य आतिथ्य में कुसमी विकासखंड के मंडल चांदो , नावाडीह एवं करचा में बैठक आयोजित की गई। चांदो मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता बीएलए 2, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी की उपस्थिति में बैठक हुई।

बैठक में एसआईआर संबंधित सभी बातों को विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही पात्र व्यक्तियों का नाम जुड़वाने एवं अपात्र व्यक्तियों का नाम कटवाने की सलाह दी गई, जिससे आगामी होने वाले सभी चुनाव निष्पक्ष रूप से हो सके। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि केंद्र की



नरेंद्र मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य की विष्णु देव साय की सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ता को कही गई, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ सुदूर अंचल तक के लोगों तक पहुंच सके।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, चांदो मंडल प्रभारी अजय गुप्ता, चांदो मंडल अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता , बंशीधर गुप्ता, अर्जुन यादव, भोला यादव, मंडल महामंत्री सतीश भगत, अभिषेक गुप्ता, जनार्दन राम, विवेक गुप्ता, मनोज गुप्ता, मेनू महतो सहित बीएलए 2 बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनडीपीएस के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

विशेष न्यायाधीश ने एनडीपीएस एक्ट मामले में नशे के कारोबारी आरोपी को दी 10 वर्ष की सश्रम कारावास व 1 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

चौकी बसदेई पुलिस ने 27 जनवरी 25 को मुखबीर की सूचना पर ग्राम डबरीपारा तालाब के पास मेन रोड़ पर ग्राम जूर निवासी अमजद अली अंसारी आ. शेख हामीद अंसारी (30 वर्ष) को उसकी कार क्रमांक सीजी 16 सीजी 9664 से 49 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा था। मामले में पुलिस ने नशीली इंजेक्शन जब्त कर उसके विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले के विवेचक एसआई सकलू राम भगत द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह



विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण के समग्र तथ्यों, गवाहों के कथन, एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अपराध सिद्ध होने से आरोपी अमजद अली अंसारी को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 21(सी) के आरोप में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए छात्रा शिल्पी का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की होनहार छात्रा कुमारी शिल्पी विश्वकर्मा ने दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। सरगुजा से चयनित होने वाली एकमात्र छात्र है। राष्ट्रीय युवा उत्सव में देश के 28 प्रदेशों के चुने हुए प्रतिभागी भाग लेंगे। इन प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। . राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के दिल्ली रवाना होने के पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री निवास में सेंड ऑफ़ सेरेमनी का आयोजन कर उन्हें दिल्ली रवाना किया गया। गौरतलब है कि 2047 के पूर्व भारत को विकसित बनाने की मुहिम के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में प्रतिभागियों का लीडरशिप असेसमेंट किया गया. जिसमें पांच विषयों में तीन तीन एवं पांच विषयों में 6 अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय



युथ उत्सव में भाग लेने हेतु चयनित किया गया है। गांधीनगर निवासी छात्रा कुमारी शिल्पी विश्वकर्मा पुत्री अमित विश्वकर्मा ने बताया कि चयन के प्रारंभिक चरण में उन्होंने दक्षिण भारत में मंदिरों की स्थापत्य शैली विषय पर अपना निबंध ऑनलाइन भेजा था. इसके बाद उन्हें रायपुर बुलाया गया था। रायपुर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्हें 12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला है जिसमे प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विषय पर बोलने का अवसर मिलेगा।



### पुलिस ने वर्षों से फरार 7 स्थाई व 4 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा

**सूरजपुर।** अपराधों की रोकथाम के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों को स्थाई-गिरफ्तारी वारंट तामील प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में चौकी बसदेई पुलिस ने धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज के मामले में वर्षों से फरार स्थाई वारंटी दीपक उर्फ बादशाह बजरंगी सिंह, बाजीलाल, प्रेमसाय व सूरज प्रसाद तथा गिरफ्तारी वारंटी जारूल खान, घरभरन काशी, नंदकुमार कुशवाहा, रामकुमार पैंकरा को दबिश देकर पकड़ा है। थाना भटगांव पुलिस ने चोरी व जुआ एक्ट के मामले में फरार स्थाई वारंटी हीरामन राजवाड़े ग्राम अनरोखा व शमीम उर्फ सोनू खान ग्राम अधिना को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया है।

## छह माह से बंद पड़ी बलरामपुर खदान को शुरू कराने एचएमएस का धरना प्रदर्शन आज

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र की बलरामपुर खदान को प्रबंधन द्वारा कथित रूप से षड्यंत्रपूर्वक बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठन कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) बिश्रामपुर ने खदान को पुनः चालू कराने की मांग को लेकर आज 9 जनवरी से महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की घोषणा की है।

- सुनवाई नहीं होने पर 16 जनवरी से क्रमिक भूख हड़ताल करेगा एचएमएस संगठन

एचएमएस के महामंत्री देवेंद्र मिश्रा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि यदि धरना प्रदर्शन के बाद भी प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया,तो संगठन द्वारा 16 जनवरी से क्रमिक भूख हड़ताल तथा 23 जनवरी से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि बलरामपुर खदान को घाटे में चलने तथा सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) के नवीनीकरण नहीं होने का हवाला देकर पिछले करीब छह माह से बंद रखा गया है,जबकि उक्त खदान में लगभग 30 लाख टन कोयले का भंडार मौजूद है,उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन ने जानबूझकर खदान को डूबने की स्थिति में छोड़ दिया है,खदान बंद होने से कुमदा क्षेत्र की दोनों खदानों से जुड़े करीब 500 से अधिक कामगारों पर अन्यत्र तबादले का खतरा मंडरा रहा है,साथ ही खदानों के बंद रहने से स्थानीय बाजार एवं व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है,एचएमएस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बलरामपुर खदान को पुनः चालू नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल के भू विस्थापितों का राज्य स्तरीय महासम्मेलन 12 को कोरबा में

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल अंतर्गत आने वाले छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के भू विस्थापितों और प्रभावित ग्रामीणों की एक राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन 12 जनवरी को किया जाएगा,यह सम्मेलन कोरबा जिले के गेवरा क्षेत्र स्थित नराईबोध भूविस्थापित भवन में होगा, राज्य की ऊर्जाधानी भू विस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रोजगार उचित मुआवजा पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं जैसी जायज मांगों को लेकर चल रहे संघर्ष को और अधिक मजबूत बनाना है,समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन के साथ होने वाली आगामी वार्ताओं और कानूनी लड़ाईयों के लिए एक ठोस कार्ययोजना और साझा प्रस्ताव तैयार करना समय की मांग है,ज्ञात हो कि एसईसीएल के सीएमडी और बोर्ड मेंबर्स के सीधी वार्ता का आयोजन कर उनके समक्ष रखे जाने वाले प्रमुख मांगों का निर्धारण बैठक में किया जाएगा, सम्मेलन में गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, कोरबा, रायगढ़, बैकुंठपुर, बिश्रामपुर, भटगांव, चिरमिरी और हसदेव क्षेत्रों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के सोहागपुर और जमुना-कोतमा क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीण और किसान नेता के उपस्थित होने की बात कही जा रही है।

### नव पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी का संकुल समन्वयक ने किया स्वागत



**ओड़गी।** विकासखंड ओड़गी अन्तर्गत समस्त संकुल समन्वयकों द्वारा नव पदस्थ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह का फूल माला से भव्य स्वागत किया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का विजन बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए सभी संकुल समन्वयक पूर्ण करने का पूरा प्रयास करेगें। इसी के साथ नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण बीईओ प्रदीप कुमार सिंह, एबीईओ अभिषेक कुमार सिंह, बीआरसी नरेन्द्र कुमार दुबे के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिसमें माध्यमिक शाला से 52 एवं प्राथमिक पाठशाला से 75 शिक्षक, शिक्षिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

### छत्तीसगढ़ राज्य गठन रजत जयंती पर मनाया गया चावल उत्सव



**प्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन रजत जयंती के अवसर पर उचित मूल्य दुकान में चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी सरकार सभी के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है जिससे पात्र हितग्राही को सीधा लाभ मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि सभी राशन कार्ड धारक अपने-अपने राशन कार्ड का ई- केवाईसी अवश्य करवाए और शासन की योजनाओं का लाभ ले। नगर पंचायत समय-समय पर ई केवाईसी के लिए मुनादी करती है ,जिससे किसी भी पात्र हितग्राहियों को परेशानी न हो। इस दौरान योगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, खाद्य अधिकारी शशि जायसवाल, उचित मूल्य दुकान संचालक अभिषेक कुशवाहा व अन्य उपस्थित रहे।

### नशे की हालत में वाहन चलाना स्वयं के साथ दूसरों के जान का खतरा : थाना प्रभारी

**शंकरगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शंकरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल नेतृत्व में एक व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है। थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि नशे की हालत में वाहन चलाना स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान के लिए भी गंभीर खतरा है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं के पीछे नशा, तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी मुख्य कारण होते हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की बात कही।



## जब्त किए जा रहे शिकार के लिए लगाए गए फंदे

# अवैध शिकार को रोकने टाइगर रिजर्व में शुरू हुई एंटी स्नेयर वॉक एवं गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन्य जीवों के लगातार हो रहे अवैध शिकार को देखते हुए तमोर पिंगला अभ्यारण्य में चौकसी बढ़ा दी गई है। वन अधिकारी इससे अवैध शिकार की घटनाओं में कमी आने का दावा कर रहे हैं।

**खास बात**
- सुरक्षा बढ़ाने होगी टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स की नियुक्ति

वन्यजीवों के शिकार, वनभूमि के पेड़ों की अवैध कटाई एवं अवैध अतिक्रमण के मामले में सरगुजा वनवृत्त क्षेत्र काफी चर्चा में है। करंट का फंदा लगाकर जंगली सुअर का शिकार करने की घटनाएं सामान्य बन गई है। करंट के चपेट में आने से बड़ी संख्या में हाथियों की भी मौतें हुई है। पिछले महीने करंट का फंदा लगाकर बाघ का शिकार करने के मामले में विभाग की काफी किरकिरी हुई है। साथ ही वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठे हैं। अवैध शिकार की घटनाएं सामान्य जंगलों तक ही सीमित नहीं है बल्कि टाइगर रिजर्व जैसे बेहद सुरक्षित जंगल में भी शिकारियों ने अपनी पैठ बना ली है। बाघ का शिकार करने की घटना सामने आने के बाद शासन ने वन अधिकारियों को वन क्षेत्र की नियमित गश्त कराने के निर्देश दिए हैं। सामान्य वनों में तो शासन के निर्देश का कोई खास प्रभाव नहीं दिख रहा है लेकिन तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विभाग ने अवैध शिकार पर नजर रखने तमोर पिंगला अभ्यारण्य के हर बीट में एक-एक चौकीदार की नियुक्ति की है। चौकीदार टीम बनाकर अवैध शिकारियों पर नजर रख रहे हैं साथ ही शिकार के लिए लगाए गए फंदे को भी जब्त कर रहे हैं। हाल ही में चौकीदारों ने फंदा सहित पांच लोगों को पकड़ा था जिन्हें रिमाण्ड पर भेजा गया है। विभाग द्वारा भविष्य में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने की तैयारी की जा रही है ताकि अभ्यारण्य क्षेत्र में मानवीय दखल पर रोक लगाई जा सके।



जंगल का भ्रमण करते चौकीदार।

### घोषित है एलिफेंट रिजर्व

तमोर पिंगला अभ्यारण्य को शासन द्वारा एलिफेंट रिजर्व घोषित किया गया है। पिछले दो सालों से अभ्यारण्य क्षेत्र में अलग-अलग हाथियों के दल भ्रमण कर रहे हैं। जंगल में हाथियों की मौजूदगी होने से बाहरी लोगों के प्रवेश में कमी आई है लेकिन वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अभी भी पर्याप्त सुविधाएं नहीं है। तमोर पिंगला अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है लेकिन अभी टाइगर रिजर्व के अनुकूल सुविधाएं विकसित नहीं हो सकी है। बीच-बीच में अभ्यारण्य क्षेत्र में हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक विकसित करने की जरूरत महसूस की जा रही है। वन अधिकारियों का कहना है कि अब विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी नियमित जंगल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे।

### प्रोटेक्शन फोर्स करेगी निगरानी

शासन ने तमोर पिंगला अभ्यारण्य में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स गठित करने का निर्देश दिया है तथा इसके लिए तीन पदों की स्वीकृति प्रदान की है। प्रोटेक्शन फोर्स के लिए पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जाएगी जिसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र की निगरानी के लिए विभाग द्वारा विभिन्न मार्गों पर 10 बैरियर साथ ही मैदानी कर्मचारियों के विश्राम के लिए आश्रय स्थल बनाए गए हैं। आश्रय स्थलों में सोलर लाइट एवं पंप की व्यवस्था की गई है

### अवैध शिकार में नहीं आ रही कमी

सरगुजा में वन्य जीवों के शिकार की घटनाओं को रोकना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। अवैध शिकार के सर्वाधिक मामले सूरजपुर एवं बलरामपुर वनमंडल में घटित हुई हैं। शिकारी जंगल से गुजरी विद्युत लाइन के सहारे करंट की बाड़ लगाते हैं जिसके संपर्क में आने से वन्य जीवों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भी मौत हुई है। अवैध शिकार के पीछे वन क्षेत्र का नियमित भ्रमण नहीं करने को प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### बढ़ाई गई है गश्त

वन्य जीवों की सुरक्षा के उद्देश्य से तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व में कर्मचारी नियमित स्नेयर वॉक कर रहे हैं साथ ही नियमित गश्त भी की जा रही है। इन गतिविधियों से फंदा सहित आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। भविष्य में सुरक्षा को और अधिक पुख्ता किया जाएगा।

-श्रीनिवास तन्नेटी
उप निदेशक, एलिफेंट एवं टाइगर रिजर्व



## जांच में 26 सौं क्विंटल धान गायब, राइस मिल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान उठाव के दौरान राइस मिल संचालक द्वारा बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की पुष्टि हुई है। संचालक ने 2 हजार 600 क्विंटल धान की हेराफेरी कर दी ऐसे में जांच उपरान्त अधिकारियों ने राइस मिल को सील कर दिया है।

- लखनपुर में संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

बता दें कि जिले में धान उपार्जन एवं मिलिंग व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में लखनपुर स्थित जगदंबा राइस मिल में की गई जांच के दौरान धान के भौतिक उठाव में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर लखनपुर तहसीलदार अंकिता पटेल, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक के संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि राइस मिल द्वारा अभिलेखों में कुल 13 हजार 480 क्विंटल धान उठाव दर्शाया गया था जबकि मौके पर किए गए भौतिक सत्यापन में केवल 10 हजार 880 क्विंटल धान ही उपलब्ध पाया गया। इस प्रकार कुल 2 हजार 600 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जो निर्धारित नियमों एवं शर्तों के विपरीत है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार जगदंबा राइस मिल लखनपुर को सील कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है तथा जांच पूर्ण होने के पश्चात संबंधित राइस मिल प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की धान उपार्जन एवं मिलिंग व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा गड़बड़ी को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण एवं जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## मिनी ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर गुरुवार की दोपहर ग्राम संजयनगर स्थित पिलखा ढाबा के सामने सड़क हादसा में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,गौरतलब है कि अंबिकापुर निवासी 18 वर्षीय अर्जुन रावत अपने हमउम्र परिचित रुद्रांश जायसवाल के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीवाई 3008 में अंबिकापुर की ओर जा रहा था,इसी दौरान अंबिकापुर से बिश्रामपुर की तरफ़ तेज रफ्तार में आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईएच 8857 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मिनी ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी,टक्कर लगते ही स्कूटी सड़क पर दूर जा गिरी और दोनों युवक सड़क पर जा गिरे,आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंच घायलों को संभालने में जुट गए,बताया जा रहा है कि हादसे में रुद्रांश जायसवाल को अंदरूनी चोटें आई हैं, लेकिन 18 वर्षीय अर्जुन रावत के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को तत्काल अंबिकापुर अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। लोगों का कहना है कि पिलखा ढाबा के पास मोड में शेड की वजह से एनएच पर वाहन चालकों को होने वाले दिक्कत के मद्देनजर गत दिनों स्थानीय लोगों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर उचित कार्यवाही की मांग की थी । लोगों ने प्रशासन से यहां स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड और नियमित चेकिंग होने की मांग की है।



## ट्रैक्टर का दो किस्त नहीं पटा पाने से परेशान युवक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** फाइनेंस कराए ट्रैक्टर का दो किस्त नहीं पटा पाने से परेशान युवक ने फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम धनगांव निवासी तनमय साना आ. मंगल साना (29 वर्ष) 6 जनवरी को फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने युवक को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता मंगल सना ने पुलिस को बताया है कि दो साल पहले उसके नाम से ट्रैक्टर फाइनेंस हुआ था, जिसका पहला किस्त 1 लाख 50 हजार रुपये उन्होंने पटा दिया था। इसके बाद उनका लड़का तनमय ही ट्रैक्टर चलवा रहा था। 6 जनवरी की शाम करीब 6-7 बजे फाइनेंस कंपनी से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि दूसरा किस्त 80 हजार रुपये है। इसकी जानकारी वह अपने पुत्र तनमय को देते हुए कहा कि ट्रैक्टर से तुम काम करा रहे हो, इसका किस्त पटा दो। इसके बाद तनमय मोबाइल फोन से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से कुछ बात किया और 7.30 बजे के लगभग कीटनाशक पी लिया। जिसके बाद वह घर के सामने उल्टी करने लगा। कीटनाशक का गंध आने पर उसे बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने देर रात उसे रेफर कर दिया था। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। साथ ही अग्रिम जांच व कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेजने की तैयारी में है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव को दी श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माता स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव के निधन उपरान्त गुरुवार को ब्रह्मभोज एवं चंदनपान किया गया। इस दौरान ब्रह्मभोज एवं चंदनपान में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेशभर के नेता शामिल हुए।

- ब्रह्मभोज एवं चंदनपान में शामिल हुए प्रदेशभर के नेता

बता दें कि गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माता श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का निधन 26 दिसंबर को हो गया था। निधन उपरान्त दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने प्रदेशभर के नेताओं का तांता लगा रहा वहीं गुरुवार को ब्रह्मभोज एवं चंदनपान किया गया जिसमें शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से सरगुजा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अनुराग सिंहदेव के निवास पर पहुंचकर स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम श्री साय ने स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

इसके साथ ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री राजेश अग्रवाल, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, रामसेवक पैंकरा, अध्यक्ष वन विकास निगम भूपेंद्र सवन्नी, अध्यक्ष क्रेड़ा श्रीनिवास राव मद्दी, अध्यक्ष बेवरेज कारपोरेशन लवकेश कावड़िया, अध्यक्ष निशक्त जन आयोग सुरेंद्र बेसरा, अध्यक्ष अंतवसाय प्रकोष्ठ बिलासपुर, विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, प्रदेश महामंत्री भाजपा अखिलेश सोनी, महामंत्री नवीन मारकंडे, सांसद सरगुजा चिंतामणी महराज, पूर्व सांसद गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक विजय नाथ सिंह, पूर्व विधायक व सहकारी बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह, सहकारी बैंक सरगुजा अध्यक्ष रामकिशुन सिंह, वरिष्ठ नेता गुरपाल भला, प्रबल प्रताप सिंह जुदैव, सयोगिता सिंह जुदैव, हर्षिता पाण्डेय, ओवरसिज बीजेपी के पूर्व चेयरमैन चंद्रकांत पटेल, अनिल सिंह मेजर, जिपं अध्यक्ष नीरूपा सिंह, महापौर मंजूषा भगत, सभापति हरमीनदर टिन्नी, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, निश्चल प्रताप सिंह, शैलेष सिंह, गृह निर्माण मंडल के आयुक्त अवनीश कुमार शरण, कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश अग्रवाल, हरपाल भामरा, सुधीर सिंह, मनीष सिंह सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## तातापानी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल तातापानी में 14 से 16 जनवरी तक तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों एवं प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने तातापानी रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी।

- अनुज शर्मा, आदित्य नारायण, रितेश पांडेय, खुशी कक्कड़ और डिंपल सिंह सजाएंगे सांस्कृतिक मंच



कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान यातायात व्यवस्था हेतु रूट डायवर्जन किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य के कारण उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित पानी का छिड़काव कराया जाएगा। श्रद्धालुओं व दर्शकों की सुविधा के लिए मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि डुप्लीकेट पास बनवाने या उपयोग करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन 14 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उद्घाटन करेंगे, जिनके साथ मंत्री एवं विधायक उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा 650 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा कुल 31 स्टॉल लगाए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में उन्होंने बताया कि पहले दिन की संध्या छत्तीसगढ़ी होगी, जिसमें पद्मश्री अनुज शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। दिन में स्कूली विद्यार्थियों एवं क्षेत्रीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। दूसरे दिन ट्राइबल फैशन शो के साथ बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक आदित्य नारायण अपनी गायकी से समा बांधेंगे। तीसरे दिन भोजपुरी संध्या में रितेश पांडेय, खुशी कक्कड़ एवं डिंपल सिंह अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि तातापानी महोत्सव को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर, डीएफओ आलोक कुमार, जिपं सीईओ नयनतारा सिंह, एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी, एसडीएम अभिषेक गुप्ता उपस्थित रहे।




